डीएसआईआर

भारत सरकार
विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय
वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग
टैक्नोलॉजी भवन, नया महरौली मार्ग, नई दिल्ली-110016
www.dsir.gov.in

निविदादाताओं की पूर्व-अर्हता के लिए सूचना

(परामर्शदाता फर्मों/संकायों के अल्प सूचीकरण के लिए)

(फाइल सं0:डीएसआईआर / आईटीईजी / ईआरपी /*2010-11*)

1.वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) ने यह प्रस्ताव किया है कि 6-8 महीने के एक दृढ़ निश्चयी समय ढांचे के बीच उच्च उत्पादक और उपयोगकर्ता हितैषी, इलैक्ट्रानिक ज्ञान आधारित कार्यस्थल तैयार किया जाए, जिसके अंतर्गत कारगर C2G एवं G2C सेवाएं प्रदान की जाएं। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कार्यालय व्यय न्यूनतम रहें तथा सूचना तत्काल उपलब्ध हो सके। यह सब करते हुए इसके अंतर्गत कार्यान्वित की जाने वाली कुछ महत्वपूर्ण इंटरवेंशनों का अनुसरण करने के माध्यम से भारत सरकार के नियमों, विनियमों और नीतियों का दृढ़तापूर्वक पालन भी हो सके। इसलिए, संयुक्त सचिव (प्रशासन), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2 रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001, भारत उपक्रम संसाधन आयोजना(ईआरपी) समाधान, जिसके अंतर्गत साफटवेयर उत्पादों और रख-रखाव सहयोगी सेवाओं का डिजायन, विकास और कार्यान्वयन शामिल हैं, तैयार करते समय प्रक्रियाओं की आईटी समर्थता के माध्यम से निविदा जारी करने के लिए पूर्व-अर्हता हेतु विख्यात फर्मों से अलग-अलग अथवा कन्सोर्टियम से 16 नवेम्बर,2010 तक आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा के लिए इस पूर्व अर्हता के आधार पर सूचना प्रौद्योगिकी परामर्शदाताओं के लघु सूचीयन के पश्चात तकनीकी और वाणिज्यिक बोलियों के प्रस्तुतीकरण के लिए परामर्शदाताओं की संक्षिप्त सूची में सम्मिलित परामर्शदाताओं को अलग-अलग परियोजना शुरुआतों की आरएफपी उपलब्ध करायी जाएगी।

2.केवल वे परामर्शी फर्म / कम्पनी अथवा कान्सार्टियम फर्में ही आवेदन करें, जिन्हें

(i) आटोमेशन/कम्प्यूटरीकरण के विकास और रखरखाव के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव हो और जिन्होंने भारत सरकार के अंतर्गत अन्य विभाग/कार्यालय के लिए कुछ समान प्रणालियां पहले से ही विकसित की हों,

(ii) गत तीन वर्षों का कुल औसत व्यापारिक कारोबार कम से कम ₹2.00 करोड़ हो,

(iii) 100 से अधिक विशेषज्ञों का कर्मचारी आधार हो।

3.प्रतिक्रिया के लिए प्रारुप : पेनल बनाने के लिए आवेदन पत्र केवल इलैक्ट्रानिक प्रारुप (सीडी/डीवीडी में पीडीएफ, वर्ड फाइल अथवा एक्सल शीटों के रुप में) में संकलित और प्रस्तुत किया जाए। वार्षिक रिपोर्ट इत्यादि जैसे अतिरिक्त दस्तावेज हार्ड कापी प्रिंट के रुप में प्रस्तुत किए जाएं, यदि इलैक्ट्रानिक समतुल्य उपलब्ध न हो।

भाग क : सामान्य सूचना : (i) परामर्शी फर्म का नाम, (ii) पता (ई-मेल, दूरभाष और फैक्स नम्बर सहित) (iii) प्रशासनिक/निगमित कार्यालय, (iv) प्रमुख सम्पर्क व्यक्ति : नाम दूरभाष/मोबाइल नम्बर (v) व्यापार लाइसेंस, (vi) पीएएन/ टीएएन सं0 और आयकर, बिक्रीकर, सेवाकर /वैट विवरणी की प्रतियां, (vii) पंजीकरण सं0 (पता, सम्पर्क नं0), (viii) शाखाओं की सूची (पता, सम्पर्क सं0), (ix) संगठन का प्रकार (जैसेकि सार्वजनिक लिमिटिड कम्पनी, निजी लिमिटिड कम्पनी, साझेदारी अथवा एकल व्यापारी)

भाग ख : योग्यता पूर्ति स्थिति के सहयोगार्थ सूचना : उक्त 2 (i) के समर्थन में व्यापार में वर्षों की संख्या, (ii) उक्त 2(ii) के समर्थन में पिछले 3 वर्षों के वित्तीय ब्यौरे और (iii) उक्त 2 (iii) के समर्थन में कर्मचारी संबंधित ब्यौरे

भाग ग : चयन प्रक्रिया के समर्थन के लिए प्रमाण: दस्तावेजों की सत्यापित मूल प्रतियां संलग्न करें।

(i) वित्तीय सुदृढ़ता/आवेदकों की स्थिति जैसाकि बिलिंग ट्रेक रिकार्ड से सुस्पष्ट हो, लेखों का विवरण, ग्राहकों की रुपरेखा, जारी परियोजनाएं इत्यादि। वर्तमान कार्य सहित कार्य के नमूने सीडी में भी उपलब्ध कराएं

(ii) आंतरिक और बाह्य पणधारियों के बृहत्त श्रेणी के साथ और उनके बीच कार्य करने, सुदृढ़ संबंध बनाने और सहयोग बनाए रखने के माध्यम से, विशेषरुप से भारत सरकार के अंतर्गत सरकारी विभाग/कार्यालय के साथ कार्य करते हुए बड़े पैमाने की परियोजनाओं पर कार्य करने की कुशलता, सफलतापूर्वक कार्यान्वयन और प्रबंधन करने का अनुभव दर्शाएं।

(iii) प्रस्तावित परियोजना दल जिसे कार्य करने के लिए तैनात किया जाएगा, यदि उसे कार्य करने के लिए चुना गया, की गुणवत्ता और अनुभव सहित लगभग 3 – 4 पृष्ठों में प्रत्येक प्रमुख परामर्शदाता का आत्मवृत्त।

(iv) कार्य सौंपने के लिए चयन होने की स्थिति में, परियोजना शुरुआतों के कार्यान्वयन में प्रस्तावित रुप से प्रयोग में लायी जाने वाली पद्धतियों का ब्यौरा, जिसमें सम्मिलित हों (क) समाधान ढांचों के अभिकल्पन/कार्यान्वयन की रणनीति, दृष्टिकोण, रीतियों से संबंधित उपयुक्त योजनापद्धतियों, (ख) प्रक्रियाओं, प्रकार्यात्मक और/अथवा प्रयोगात्मक का ब्यौरा, प्रस्तावित प्रणालियों/समाधान ढांचों की प्रकार्यात्मकता दर्शाते हुए विषयआरेख और यथार्थ समय सीमा के भीतर, कल्पना के रुप में निष्कर्षों की गारंटी के लिए स्वीकार करने के इरादे से प्रक्रियाओं के बीच संबंध

4. अधूरे आवेदनों पर पूर्व –अर्हता के लिए विचार नहीं किया जाएगा।

- संयुक्त सचिव(प्रशासन)